newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ५१ | ८ से १४ जनवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024


## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

### पत्रकारिता दिवस

महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष ६ जनवरी को दिवंगत पत्रकार बालशास्त्री जम्भेकर की स्मृति में पत्रकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। मराठी भाषा का पहला समाचार पत्र दर्पण ६ जनवरी, १८३२ को प्रकाशित किया गया था, जो बालशास्त्री जाम्भेकर का जन्मदिवस भी है।पत्रकारिता क्षेत्र में स्वयं में पत्रकारिता के संस्थान व स्तम्भ हो चुके सभी मार्गदर्शक, अग्रज, मित्र, एवं नवांकुरित पत्रकार बन्धु / भगिनी सभी को पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए। लगभग दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिश कालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता में कानपुर के रहने वाले वकील पण्डित जुगल किशोर शुक्ल जी ने अंग्रेजों की नाक के नीचे पत्रकारिता के इतिहास की आधारशिला रखी, जिसपर आज आप सभी ने भव्य भवन खड़े किए है। उस आधारशिला का नाम था उदन्त मार्तण्ड, जिसने अंग्रेजों की नाक में इस कदर खुजली कर दी की उसका प्रकाशन डेढ.वर्ष से अधिक न हो सका। इस साप्ताहिक के प्रकाशक एवं सम्पादक आदरणीय शुक्ल जी ने ३० मई १८२६ को उदन्त मार्तण्ड का पहला अंक प्रकाशित किया था । जिसके परिप्रेक्ष्य में ३० मई का दिन पत्रकारिता का उद्भव कहलाया, और हम पत्रकारिता दिवस बनाते है। प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होने वाले इस साप्ताहिक अखबार में उदन्त मार्तण्ड में हिन्दी भाषा के बृज औरअवधी भाषा का मिश्रण होता था। पत्र वितरण में अंग्रेजों द्वारा लगातार डाक शुल्क में छूट न दिये जाने के कारण इसका ७९वाँ और आखिरी अंक दिसम्बर १८२७ में प्रकाशित हुआ। इस समाचार पत्र के पहले अंक की ५०० प्रतियाँ प्रकाशित हुयी थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे शुभारंभ, शिवडी न्हावा शेवा अटल सेतु का, शिंदे ने की तैयारी

**जेकेएस संवाददाता**

रायगढ. : मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक 'अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावा शेवा अटल सेतु' का उद्घाटन १२ जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। चूंकि मुख्य कार्यक्रम नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर होगा, इसलिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की. इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को शानदार ढंग से और सख्ती से आयोजित करने के निर्देश दिये. मुख्यमंत्री श्री शिंदे की अध्यक्षता में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वह उस समय बात कर रहे थे. इस बैठक में मुंबई नगर पालिका के आयुक्त एवं प्रशासक ए.महेश बाल्दी, आई.एस. चहल, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, सिडको के प्रबंध निदेशक अनिल दिग्गिकर, कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. महेंद्र कल्याणकर, संयुक्त प्रबंध निदेशक कैलास शिंदे, नवी मुंबई आयुक्त राजेश नार्वेकर, नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे, रायगढ.कलेक्टर डॉ. योगेश म्हसे, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। महाराष्ट्र के विकास के लिए गेम चेंजर इस कार्यक्रम की योजना भी शानदार होनी चाहिए. सिडको, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जिला और नगर प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग सभी आवश्यक मामलों को तुरंत पूरा करें। साथ ही मुख्यमंत्री शिंदे ने निर्देश दिये कि सभी तंत्र काम में आपसी समन्वय बनाये रखें. कार्यक्रम नियोजन में विशेषज्ञ व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से मार्गदर्शन लेने की भी बात कही गयी। अटल सेतु के शिवडी और चिरले दोनों क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण किया जाए। साथ ही इस पूरे मार्ग की नियमित सफाई रखी जाए। चिरले से नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मार्गों पर सड़क फर्नीचर का उपयोग किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने पुलिस को निर्देश देते हुए यहां बडी संख्या में वाहनों के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए कानून-व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये. उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को कार्यक्रम स्थल पर आने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए भी सतर्कता बरती जाए. समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने कार्यक्रम स्थल और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. साथ ही उपस्थित अधिकारियों से व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की और निर्देश दिये.

## हिंदू श्मशान में चिता की जाली पर बिल्ली जलाने की घटना से कर्मचारियों पर मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर । हिंदू श्मशान में बिल्ली जलाने की एफआईआर १० दिन बाद आखिरकार पुलिस ने दर्ज कर ली है।मामले में मीरा भायंदर मनपा के चार कर्मचारियों सहित मे .पेट हेवेंस संस्था के दो पदाधिकारियों को आरोपी बनाया गया है।पहले शिकायत पत्र लेने से पुलिस टाल दिया था और एफआईआर दर्ज करने के लिए विस्तृत साक्ष्य के साथ पत्र देने की सलाह मनपा अधिकारियों को दी थी। बीते २२ दिसंबर को शाम ६ से रात ८ बजे के बीच भायंदर पश्चिम के भोला नगर स्थित हिंदू श्मशान में चिता की जाली पर बिल्ली जलाने की घटना घटी थी।दो दिन बाद यह मामला मीडिया में उछला।मनपा की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को आईपीएस की धारा २९७ के तहत एफआईआर दर्ज कर ली ।जिसमें मनपा के चार ठेका कर्मचारियों बबन थूले व मिराज अली ( ग्लोबल बेस्ट मैनेजमेंट सेल,हनुमान चव्हाण (करण मेंटनेंस),मिराज अली,निलेश पाटिल(मे साइन मेंटनेंस) तथा मे .पेट हेवन्स संस्था के जीतेश पटेल व पारुल पटेल को आरोपी बनाया गया है।इन पर मिलीभगत कर मनुष्य के श्मशान में प्राणी का दाह संस्कार करने का आरोप है। उपमुख्य स्वच्छता अधिकारी अरविंद चालके की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ है।बबन,हनुमान,मिराज पर श्मशान की साफ सफाई,शव की इंट्री रजिस्टर में करने,लकडी देने और शव जलने के बाद राख हटाने की जिम्मदारी थी। तीनों को काम पर से हटा दिया गया है।निलेश पाटिल माली का काम देखता था।अभी तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नही है।

## मीरा भायंदर में आवारा कुत्तों ने मचाया आंतक



भायंदर। मीरा भायंदर में आवारा कुत्तों की बढती संख्या के साथ-साथ उनके काटने की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पिछले साल १२ महीने के भीतर आवारा कुत्तों द्वारा १०,८८३ लोग काटने की शिकार बने। अर्थात प्रतिदिन आवारा कुत्तों ने २८ लोगों को काटा। कुत्तों के काटने की यह संख्या मीरा भायंदर में स्थित ११ हेल्थ पोस्ट तथा दो महापालिका के अस्पतालों से निकलकर सामने आई है। कुत्तों के काटने से लगने वाले इंजेक्शन की कीमत बाजार में ५०० से ७०० रुपए है। कुत्तों के काटने के बाद डॉक्टर एक व्यक्ति को चार से पांच इंजेक्शन लेने की सलाह देता है। ऐसे में बाजार की कीमत माने तो कुत्ता काटने के बाद एक व्यक्ति को करीब ३००० रुपए का इंजेक्शन लेना पडता है। महापालिका के अस्पतालों में यह इंजेक्शन मुफ्त में लगाया जाता है। एक अनुमान के अनुसार मीरा भायंदर शहर में आवारा कुत्तों की संख्या ३०,००० से अधिक है। महापालिका का कागजी आंकडा माने तो प्रतिवर्ष हजारों कुत्तों की नसबंदी की जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार क्यों बढ रही है ? शहर के किसी भी गली में आप चाहे तो वहां दर्जनों कुत्ते घूमते नजर आएंगे। लोग रात में घूमने से डरने लगे हैं। क्या पता कभी किसी कुत्ते के काटने के शिकार बन जाए और उन्हें इंजेक्शन लगाने की नौबत आ जाए।

## मेडोना ऑर्केस्ट्रा बार में स्टाफ द्वारा ग्राहक की पिटाई

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : डांस बार ड्राइवर और बार स्टाफ द्वारा ग्राहकों को बेरहमी से पीटने के मामले में ५ से ६ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।इससे पहले नए साल की पूर्व संध्या पर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी पिटाई करने के मामले में केस दर्ज किया गया था।निवासियों का आरोप है कि सोसायटी ने नगरपालिका और पुलिस से शिकायत की है कि उक्त ऑर्केस्ट्रा बार को फ्लैट में बदल दिया गया है, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई किए बिना इसका समर्थन किया है।यहां के मैडोना ऑर्केस्ट्रा बार (डांसबार) में उधार के पैसे बचे होने के कारण एक व्यक्ति का अपहरण कर जेल में बंद करने का मामला १ जनवरी को शाम ७:३० बजे दोबारा हुआ जब बार में आरती चल रही थी तभी वरुण ठाकुर, प्रशांत सावंत और आदित्य पाटिल का मैडोना ऑर्केस्ट्रा कम डांस बार के कर्मचारियों से झगडा हो गया। इसके बाद, शिकायतकर्ता और उसके साथी का बार के नीचे फुटपाथ पर एक व्यक्ति के साथ फिर से झगडा हुआ।इसके बाद बार से ५ से ६ अजनबी लोग बांस, लोहे की रॉड और बेल्ट लेकर आए और तीनों पर हमला कर दिया।शिकायतकर्ताओं को इलाज के लिए भायंदर पश्चिम के पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल में रेफर किया गया है। मीरारोड पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सरोदे के मार्गदर्शन में प्रवीण भोसले उक्त अपराध की जांच कर रहे हैं।आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त ऑर्केस्ट्रा बार के संबंध में कार्रवाई के लिए महापालिका को पत्र दिया जा चुका है।

## बोरीवली में मोबाइल चोर को वृद्ध ने रंगे हाथ पकड़ा

मुंबई : मुंबई के लोकल व दूरगामी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करनेवाले एक चोर को नए वर्ष पर चोरी करते हुए एक वृद्ध ने पुलिस की मदद से रंगेहाथ धर दबोचा। बोरीवली रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। बोरीवली रेलवे पुलिस निरीक्षक अनिल पाटील के अनुसार गोरेगांव सुविधा अस्पताल के पास स्थित हंस एवेन्यु बिल्डिंग निवासी ६३ वर्षीय अमृतलाल जैन अपने परिवार के साथ १ जनवरी की रात १०.३० बजे बोरीवली प्लेटफार्म नं. ७ पर सूर्यनगरी एक्सप्रेस से उतर रहे थे, तभी उन्हें लगा कि उनके जेब से कोई मोबाइल निकाल रहा है। उन्होंने मुड़कर देखा तो एक युवक घबराया सा उनके पीछे से वूँदकर भागा। वृद्ध जैन ने चोर-चोर चिल्लाते हुए उसका पीछा किया। शोर सुनकर ड्यूटी पर तैनात रेलवे पुलिस जवान ने जैन का साथ दिया और युवक को पकड़ लिया। पुलिस जांच में युवक के पास से जैन के मोबाइल सहित दो मोबाइल बरामद हुए।

## भक्तों के लिए भगवान का विशेष रूप से होता है अवतरण

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : श्रीदुर्गा माता चैरिटेबल द्वारा आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस काशी के कथा मर्मज्ञ श्री श्री कुणाल महाराज ने श्री राम जन्म पर उनकी लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भक्तों को प्रेम प्रदान करने के लिए भगवान का विशेष रूप में अवतरण होता है जबकि सारे कार्य स्वयं इच्छा मात्र से सम्पादित कर सकते हैं, लेकिन फिर भी भगवान धर्म की स्थापना, साधु, संत एवं वेद इनकी रक्षा के लिए अवतरित होते हैं।श्रीदुर्गा माता चैरिटेबल सो. के सचिव एवं मुख्य आयोजक महेंद्र पाण्डेय ने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन के हर्षोल्लास पर



श्री राम कथा का आयोजन डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर उद्यान के बगल, जीसीसी क्लब के पास, हटकेश मीरा भाईंदर रोड, मीरा रोड (पूर्व) ठाणे में २ जनवरी से १० जनवरी तक शाम ५.३० बजे से रात्रि ९.३० तक आयोजित है। ११ जनवरी को सुबह पूर्णाहुति हवन, शाम को संगीतमय कार्यक्रम, महाप्रसाद (भण्डारा) का कार्यक्रम आयोजित है।श्री राम कथा के संरक्षक, समाज सेवक पंकज मिश्रा, मुख्य यजमान राहुल दुबे, प्रेम पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, योगेश सिंह, ओमप्रकाश मिश्रा, बेद प्रकाश सिंह, अभिषेक यादव, अविनाश दुबे, विजय नारायण मिश्रा, कंचन सिंह, सुषमा मिश्रा, रेनू एस मल्लाह, शिव प्रकाश मिश्रा, राजेश तिवारी, पप्पू सिंह ने श्री राम भक्तों से राम कथा में आने के लिए आमंत्रित किया है।

## मनपा का सीबीएसई स्कूल शुरु करने की तैयारी

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर:** मीरा-भायंदर महानगरपालिका आगामी शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई स्कूल शुरू करने की तैयारी में है. यह स्कूल निजी शैक्षणिक संस्था के माध्यम से चलाने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए मनपा ने निजी शैक्षणिक संस्थाओं से २ बार प्रस्ताव भी मंगाए, लेकिन अभी तक किसी संस्था ने इसमें रुचि नहीं दिखाई है. इससे आगामी शैक्षणिक सत्र में मनपा सीबीएसई स्कूल शुरू कर पाएगी या नहीं इस पर प्रश्न चिन्ह लग गया है. बता दें कि भायंदर पूर्व के इंद्रलोक परिसर में आरक्षण क्रमांक ११५ की भूखंड पर ५ मंजिली स्कूल इमारत का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. इस इमारत का निर्माण विकास हक प्रमाणपत्र (टीडीआर) के बदले एक बिल्डर



से कराई गई है. इस स्कूल इमारत में ४ लिफ्ट की सुविधा भी दी गई है. साथ ही यह १२५ केवी की क्षमता का जनरेटर भी स्थापित किया गया है.

ताकि मनपा के विद्यार्थियों को मिल सके उच्च दर्जे की शिक्षा

इस सीबीएसई स्कूल में मनपा के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षण देकर बाकी विद्यार्थियों से आवश्यक शुल्क

लेंगे अथवा मनपा विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षण देने के लिए प्रति विद्यार्थी मनपा से शुल्क की मांग करेंगे.

इस तरह के प्रस्ताव निजी शैक्षणिक संस्थाओं से आने की अपेक्षा मनपा प्रशासन को थी. गरीब और मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों को निजी स्कूलों के भारी भरकम फीस भरने की क्षमता नहीं होती है.

इसके लिए मीरा-भायंदर मनपा द्वारा सीबीएसई बोर्ड के स्कूल शुरू कर मनपा के विद्यार्थियों को भी उच्च दर्जे की शिक्षा मिल सके, ऐसा उद्देश्य मनपा प्रशासन का है.

## पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वानकोटी का जन्मदिन पत्रकार कक्ष में मनाया

**भायंदर।** मुंबई पुलिस के पूर्व एनकॉउंटर स्पेशलिस्ट मिरा-भाईंदर व वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत कार्यरत वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वानकोटि का जन्मदिन मीरा-भाईंदर महानगर पालिका



(मुख्यालय) के पत्रकार-कक्ष में केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकार कक्ष में विशेष रूप से हिंदी दैनिक नवभारत टाइम्स के वरिष्ठ-पत्रकार अमित तिवारी, प्रेस क्लब ऑफ मीरा-भायंदर के अध्यक्ष व हिंदी दैनिक नवभारत के विनोद मिश्र, मराठी दैनिक लोकसत्ता के संवाददाता मयूर ठाकुर, हिंदी साप्ताहिक क्राइम फेस के संपादक सुभाष पांडेय, दैनिक नवराष्ट्र के पत्रकार महेंद्र वानखेड़े, दैनिक भास्कर के संवाददाता अनिल चौहान, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े अजीम तंबोली, प्रख्यात न्यूज यूट्यूब चैनल की संपादिका दीपाली मिश्रा एवं कैमरामैन प्रसाद करलकर, द इन एक्सप्रेस के संपादक इस्लामुद्दीन कुरेशी, प्रेम यादव, राज पाटील, अनिकेत देशमुख, रणवीर वाजपेयी आदि पत्रकार-वृंद भारी संख्या में उपस्थित थे और जांबाज पुलिस अधिकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वानकोटि को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं एवं ढेर सारी बधाई दी।




# ब्लड के लिए पैसे लेने पर रोक: अब देना होगा सिर्फ प्रोसेसिंग सरचार्ज



मुंबई : अब खून को ब्लड बैंक अथवा अस्पताल से नहीं बेचा जा सकेगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि महाराष्ट्र समेत देशभर में कई जगहों पर यह बात सामने आई है कि मरीजों के रिश्तेदारों से ब्लड के नाम पर मनमानी रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं। जिससे मरीजों के परिजनों को परेशानी हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए सेंट्रल ड्रग रेगुलेटरी बोर्ड (डीसीजीआई) ने साफ कहा है कि ब्लड को बेचा नहीं जा सकता है। डीसीजीआई ने यह भी स्पष्ठ किया है कि खून की केवल आपूर्ति ही की जा सकती है। साथ ही डीसीजीआई की ओर से जारी सर्वुलर में कहा गया है कि ब्लड बैग पर केवल प्रोसेसिंग सरचार्ज ही लगाया जा सकता है। देशभर के अस्पतालों में लाखों मरीजों का इलाज चलता रहता है। इनमें से कई रोगियों को बड़ी मात्रा में खून की जरूरत होती है। इसलिए यह खून अस्पतालों, निजी अथवा सरकारी ब्लड बैंकों से मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है। कई स्वयंसेवी संगठनों द्वारा भी ब्लड बैंक चलाए जाते हैं। बताया गया कि कई निजी ब्लड बैंकों में ब्लड की बिक्री करते समय मरीजों के परिजनों से मनमानी राशि ली जा रही थी। इसलिए ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने इस संबंध में सितंबर में हुई चर्चा का हवाला देते हुए एक नियमावली जारी किया है। इस नियमावली के मुताबिक, खून किसी को नहीं बेचा जा सकता। रक्त की आपूर्ति ही की जा सकती है। ऐसा करने पर ब्लड बैग पर कोई भी बिक्री मूल्य नहीं वसूला जा सकता है। डीसीजीआई ने कहा है कि रोगी को खून देने से पहले ब्लड पर प्रक्रिया और संरक्षित करना पड़ता है। इसलिए ब्लड बैग पर केवल इस प्रक्रिया की लागत ही ली जा सकती है। इस बीच केंद्र द्वारा साल २०२२ में जारी नियमों के अनुसार दाता से लिए गए खून की प्रक्रिया पर लागत १,५५० रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। रेड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स के लिए क्रमश: १,५५० रुपए, ४०० रुपए और ४०० रुपए की सीमा तय की गई। सरकारी ब्लड बैंकों में यह मूल्य १,१०० रुपए तय किया गया। रक्तदान शिविरों से एकत्रित खून सीधे किसी मरीज को नहीं चढ़ाया जाता। उस खून को प्रोसेस करने के बाद ही मरीज के शरीर में चढ़ाया जा सकता है। रक्तदान शिविरों से एकत्रित रक्त में दाता के शरीर के अन्य घटक भी शामिल होते हैं। इन घटकों को अलग करने के बाद रक्त को लाल कोशिकाओं, सफेद कोशिकाओं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा के रूप में शुद्ध किया जाता है। इसके बाद इसे उचित तापमान पर संरक्षित भी किया जाता है। ये सभी प्रक्रिया लागत में शामिल हैं।

# बिश्नोई का गुर्गा गिरफ्तार! हथियारों के साथ जिंदा कारतूस बरामद



मुंबई : दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा गैंग के शार्पशूटर प्रदीप सिंह को दिल्ली के रोहिणी इलाके से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं स्पेशल सेल ने प्रदीप सिंह के पास से अत्याधुनिक हथियारों के साथ ही जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। शार्पशूटर प्रदीप सिंह पर अपहरण, लूट और हत्या जैसे तमाम मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस प्रदीप सिंह से पूछताछ कर रही है। प्रदीप लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खास गुर्गों में से एक है। इसके जरिए पुलिस को और भी कई गुर्गों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। गौरतलब है कि स्पेशल सेल ने बिश्नोई गैंग के दो गुर्गों को दिल्ली के वसंत कुंज इलाके से गिरफ्तार किया था। इनमें से एक की पहचान अनीश और दूसरे की पहचान सीसीएल के रूप में हुई थी।

## नोटीस

जनता की जानकारी के लिए यह सुचित किया जाता है कि श्री इशरत खज्जू सिद्दीकी मोटर वाहान संख्या MH04JQ0998 के मालिक है, जो परमिट संख्या MH/4/CC/Auto/2018/15014 द्वारा कवर किया गया है। जो २७/११/२०२३ तक वैद्य है।

मै तसलीम एमडी कल्लन, फ्लैट नंबर २०३, बिल्डिंग नंबर ७, गौरव रतन सीएचएसएल, हटकेश, मीरारोड ईस्ट ठाणे ४०११०१, उपयुक्त का उत्तराधिकारी होने के नाते परमिट का उपयोग करने की पुष्टी की गई है और तद्नुसार मैने स्थानांतरण के लिए उपयुक्त प्राधिकारी/रेजियानाओ परिवहन काय्रलय को आवेदन किया है।

दि : ८/१/२०२४

हस्ताक्षर

श्री इशरत खज्जू सिद्दीकी






# पालघर जिले में महावितरण की बिजली लाइनों को भूमिगत करने के लिए २०० करोड.का फंड आवंटित

**जेकेएस संवाददाता**

पालघर : पालघर जिले में महावितरण की बिजली लाइनों को भूमिगत करने के लिए २०० करोड.का फंड आवंटित किया गया है और ये काम राजस्व और वन विभाग (आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास) द्वारा कोंकण आपदा न्यूनीकरण परियोजना के तहत किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने जानकारी दी है। यह जानकारी हाल ही में नागपुर में आयोजित विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सदन के टेबल पर रखी गयी थी। ज्ञात हो कि, वसई तालुका समेत पालघर जिला हर साल भारी बारिश और लगातार तूफानी हवाओं से प्रभावित होता है, साथ ही भारी बारिश और लगातार चक्रवात के कारण तटीय क्षेत्रों में बिजली कटौती के कारण नागरिकों को अंधेरे में रहना पडता है। सात सात आठ दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इसलिए कम से कम तटीय क्षेत्रों में बिजली पारेषण लाइनों को भूमिगत करने की मांग बच्चूभाऊ कडू के मार्गदर्शन में प्रहार जनशक्ति पार्टी के पालघर जिला अध्यक्ष व ठाणे संपर्क प्रमुख हितेश जाधव ने राज्य सरकार से की थी। स्थानीय स्तर से लेकर मंत्री स्तर तक प्रहार जनशक्ति पार्टी की ओर से लगातार पत्राचार किया गया। अधीक्षक अभियंता, वसई मंडल ने वसई तालुका में महावितरण बिजली लाइनों को भूमिगत करने के संबंध में २०२१ में एक प्रस्ताव तैयार किया है और इसे अंतिम मंजूरी के लिए मुख्य अभियंता, (विशेष परियोजना) प्रकाशगढ, बांद्रा, मुंबई को सौंप दिया है। उक्त प्रस्ताव बिना मंजूरी के कई महीनों से लंबित था। प्रहार जन शक्ति पार्टी के पालघर जिला अध्यक्ष हितेश जाधव ने इस लंबित प्रस्ताव को तत्काल मंजूरी देने के लिए २४ अगस्त २०२२ और फिर ०४ अक्टूबर २०२२ को राज्य के उपमुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया था, जिसे मंजूरी के लिए वरिष्टों के पास भेजा गया था। इस मुद्दे का असर विधानसभा में देखने को मिला। मंत्री ने सदन को सूचित किया है कि वसई मंडल के एक गांव सहित कोंकण तट पर पालघर जिले के लिए २०० करोड. रुपये का फंड मंजूर किया गया है।

**Mira Bhaindar Municipal Corporation**
Indira Gandhi Bhavan, Chattrapati Shivaji Maharaj Marg,
Bhayander (W) -401101 Tal.Dist. Thane 401101
28192828 ext:-389

**SOCIAL DEVELOPMENT DEPARTMENT**

Out. No./S.D.D.DE/ 188/2023-24 Dt. 04/01/2024

## // FIRST EXTENTION //
### (MBMC/S.D.D./180/2023-24)
### (Tender ID No.2023_MBMC_975455_1)

Kindly refer to the Tender Notice for To organize employment fair and setting upemployment availability center for the purpose of Economic Empowerment of women published in "Maharashtra Dinman" and "Jankalyan Seva" on Dt: 22/12 2023. The time for accepting tenders for To organize employment fair and setting up employment availability center for the purpose of Economic Empowerment of women till 03.00 PM on 04/01/2024. The time for accepting tenders for the said work is being extended till 03.00 PM on 15/01/2024
Other text is unchanged.


Ref.No! MBMCIPRO/E-1252310/2023-24
Date: 04/01/2024

sd/-
**(Kalpita Pimple)**
Dy-Commissioner
Social Development Department
Mira Bhaindar Municipal Corporation




























# नायर अस्पताल में महीने से एमआरआई मशीन खराब होने से मरीजों का हाल बेहाल

**जेकेएस संवाददाता**




**मुंबई :** मनपा द्वारा संचालित नायर अस्पताल की कहानी यहां इलाज कराने के लिए पहुंच रहे मरीज चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे हैं। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में बीते एक महीने से एमआरआई मशीन खराब पड़ी हुई है, जिसकी मरम्मत कराने की सुध अस्पताल प्रशासन को नहीं है। ऐसे में यहां जांच कराने के लिए आ रहे मरीज बेहाल हो रहे हैं। एमआरआई मशीन के खराब होने के कारण मरीजों को मनपा के दूसरे अस्पतालों अथवा निजी सेंटरों में भेजा जा रहा है, जो उनके लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मनपा के नायर अस्पताल में साल २०१८ से एमआरआई मशीन को उपलब्ध करा दिया गया था। मनपा ने खराबी आने के बाद सितंबर में १६.५ लाख रुपए में टेस्ला एमआरआई मशीन और हीलियम गैस खरीदी। पिछले वर्ष जनवरी में एमआरआई मशीन को लाइफ समाप्ति प्रमाणपत्र मिलने और निर्माता द्वारा इसकी मेंटीनेंस सेवा देने से इनकार करने के बावजूद अस्पताल के अधिकारियों ने रेडियोलॉजी विभाग को निर्देश दिया कि जब तक नई मशीन नहीं खरीदी जाती, तब तक खराब मशीन का उपयोग जारी रखा जाए। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि नई मशीन के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। लेकिन विशेष विवरण नहीं दिया गया है, वहीं एमआरआई नवंबर तक ठीक-ठाक चला, लेकिन दिसंबर महीने से फिर से हीलियम गैस की कमी और अन्य खराबियों के कारण यह काम नहीं कर रही है। ऐसे में एमआरआई के लिए आनेवाले प्रतिदिन औसतन ३० रोगियों को मनपा के अन्य अस्पतालों अथवा निजी सेंटरों में एमआरआई कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल के डीन डॉ. सुधीर मेढेकर के मुताबिक, मशीन के खराब होने के कारण का पता नहीं लग रहा है। दो बार लाई गई हीलियम गैस भी काम नहीं आई। फिलहाल, जब तक मशीन की मरम्मत नहीं हो जाती या नई एमआरआई मशीन स्थापित नहीं हो जाती, मजबूरन मरीजों को एमआरआई सुविधाओं वाले अन्य मनपा संचालित अस्पतालों केईएम और सायन अस्पताल में भेजना होगा। इसके साथ ही अस्पतालों के पास के डायग्नोस्टिक सेंटर भी मनपा दरों पर एमआरआई सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही वाडिया अस्पताल से भी मदद मिल रही है। डॉ. मेढेकर के मुताबिक, नायर मेडिकल कॉलेज के छात्रों को एमआरआई और सीटी स्कैन के व्यावहारिक अध्ययन के लिए केईएम और सायन अस्पताल भेजा जा रहा है। फिलहाल, एक नई मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू है। इसके साथ ही रेडियोलॉजी विभाग को यह पूछा गया है कि क्या मौजूदा मशीन की मरम्मत की जा सकती है।

# ३१वें आचार्य बालशास्त्री जाम्भेकर की स्मृति में दर्पण पुरस्कार का भव्य वितरण

**★महाराष्ट्र पत्रकार कल्याण कोष द्वारा पोंभुर्ले में पुरस्कार वितरण का आयोजन**

**★ राज्य निर्माण मंत्री और सिंधुदुर्ग जिले के संरक्षक मंत्री नं. रवीन्द्र चव्हाण की उपस्थिति में रंगाली गौरव यात्रा**



सिंधुदुर्ग - महाराष्ट्र के पत्रकार कल्याण निधि फलटण द्वारा दिए जाने वाले आचार्य बालशास्त्री जांभेकर राज्य स्तरीय दर्पण पुरस्कार का वितरण मराठी पत्रकार दिवस के अवसर पर सुबह जांभेकर के जन्मस्थान यानी पोंभुरले स्थित स्मारक पर भव्य तरीके से संपन्न हुआ। राज्य निर्माण मंत्री और सिंधुदुर्ग के संरक्षक मंत्री नं. रवीन्द्र चव्हाण एवं कल्याण निधि के संस्थापक अध्यक्ष श्री. समारोह में रवीन्द्र बेदकीहाल और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस बार नौ लोगों को राज्य स्तरीय दर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ठाणे स्थित दैनिक जनादेश के प्रधान संपादक और शंकरराव चव्हाण पत्रकार कल्याण कोष के सदस्य कैलाश म्हापडी को विशेष राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आचार्य बालशास्त्री जाम्भेकर की जन्मस्थली यानी पोम्बुर्ले में पिछले ३० वर्षों से पुरस्कार समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। पुरस्कार की शुरुआत में बालशास्त्री की पालकी को गाजे-बाजे के साथ स्मारक पर लाया गया और कार्यक्रम शुरू हुआ. परिचय में महाराष्ट्र पत्रकार कल्याण निधि के ट्रस्टी रवीन्द्र बेदकीहाल ने संस्था के बारे में जानकारी दी और सरकार को मुंबई में भी बालशास्त्री जांभेकर का स्मारक बनाने की पहल करनी चाहिए। महाराष्ट्र के सभी पत्रकार संगठनों ने इसमें योगदान देने की अपील की. इसलिए इस संबंध में जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर मुंबई में जांभेकर का स्मारक बनाने की योजना की कोई बात नहीं है. चव्हाण ने उपस्थित पत्रकारों को दिये। नहीं रवीं

# एक वर्ष में ठाणे लोह मार्ग पुलिस के अंतर्गत ३११ यात्रियों ने गंवाई जान!

**जेकेएस संवाददाता**



**ठाणे :** मध्य रेलवे अपनी लापरवाहियों के कारण हमेशा चर्चा में रहती है। रेलवे की लापरवाहियों के कारण आम यात्रियों को जान हथेली पर रखकर यात्रा करनी पड़ती है। पिछले एक वर्ष में केवल ठाणे लोह मार्ग पुलिस सीमा के अंतर्गत कुल ३११ यात्रियों ने दुर्घटना में अपनी जान गवां दी। वहीं ११३ यात्री दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इन आंकड़ों से यह साफ होता है कि यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य करनेवाली रेलवे मौत की रेल बनती जा रही है। बता दें कि रेलवे नियमों का पालन करने के निर्देश के बावजूद यात्री भी नियमों की अनदेखी करते हैं। रेलवे द्वारा बार-बार अपील किए जाने के बावजूद यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए रेलवे ट्रैक पार करते हैं और दौड़कर चलती ट्रेन पकड़ते हैं। साथ ही ट्रेनों के खाली होने पर भी गेट पर लटककर यात्रा करते हैं। इसी वजह से रेलवे दुर्घटनाओं में मृत्यु व घायल होने के मामले सामने आते हैं। रेल यात्रियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और सुबह और शाम यानी पीक आवर में रेलवे प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। इसी दौरान दुर्घटनाओं की संख्या भी अधिक सामने आती है। ठाणे लोह मार्ग पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर जनवरी और दिसंबर २०२३ के बीच रेलवे की विभिन्न दुर्घटनाओं में २३८ पुरुष और २८ महिला यात्रियों की मौत हुई है। ठाणे लोह मार्ग पुलिस स्टेशन ठाणे से दिवा के बीच है। आगे तलोजा और ऐरोली रेलवे स्टेशन के बीच है। कोपरी ब्रिज, खाड़ी ब्रिज, कलवा फाटक, रेतीबंदर, दिवा क्रॉसिंग जैसी जगहों पर ट्रैक पार करते समय सावधानी बरतनी जरूरी है, लेकिन सावधानी न बरतने की वजह से यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। रेलवे द्वारा विभिन्न प्रकार के निर्देश प्लेटफार्म और ट्रेन में दिया जाता है। जिसमें स्थानीय दरवाजे से बाहर न झांकें, ट्रैक पार न करें, रेलवे पुल का उपयोग करें, चलती ट्रेन न पकड़ें। इन नियमों का नतीजा जीरो ही निकल रहा है। क्यों कि यात्री रेलवे के निर्देशों की अनदेखी करते हैं और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। गौरतलब है कि अभी तीन दिन पहले ही लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना एक ही दिन घटी थी। इनमें से दो घटनाएं सेंट्रल रेलवे में कल्याण से ठाकुर्ली के बीच घटित हुई थी। इस घटना से एक बार फिर से रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। ऐसा कहा जाता है कि लोकल ट्रेनों से हर दिन गिर कर किसी न किसी यात्री की मौत हो जाती है।


**कृषि विभाग**

**उप विभागीय कृषि अधिकारी कल्याण, जिल्हा ठाणे.**

**ई-निविदा सुचना क्र उविकृअक -०३ / २०२३-२४**

खालील तक्यात नमुद केल्याप्रमाणे विविध कामे करण्यासाठी उप विभागीय कृषि अधिकारी कल्याण,जिल्हा ठाणे हे बी-१ प्रपत्रात ई-निविदा योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून आमंत्रित करण्यात येत आहेत. सविस्तर माहिती महाराष्ट्र इलेक्ट्रॉनिक निविदा व्यवस्थापन प्रणालीचे http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक ०१.०१.२०२४ पासुन पहावयास व डाऊनलोड करावयास मिळतील. सर्व शुध्दिपत्रक, दुरुस्त्या सुध्दा याच संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात येतील. कामाचे संक्षिप्त वर्णन खालील प्रमाणे :-

(रक्कम - रुपये)

| अ. क्र. | कामाचे नाव | कामाची अंदाजीत रक्कम | बयाना रक्कम | निविदा शुल्क + GST | नोंदणी वर्ग | निविदा डाऊनलोड सुरु करणे दिनांक | निविदा सारणेचा अंतिम दिनांक | निविदा उघडणे दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **पात्र नोंदणीकृत कंत्राटदारासाठी** | | | | | | | |
| १ | **जुनी भात शेती दुरुस्ती,** गाव - खडकी , गट क्र १ ते ४, ता भिवंडी, गाव - लाखीवली, गट क्र १ ते १०, ता भिवंडी, गाव - शेलार सिटी, गट क्र १ ते ४, ता भिवंडी, जि ठाणे | १३७३१०७ | १३७३१ | ५९० | योग्य त्या वर्गातील पात्र नोंदणीकृत कंत्राटदार | ०१.०१.२०२४ स.११.०० वा | १५.०१.२०२४ दु. ४.०० वा | १६.०१.२०२४ दु. ४.०० वा |
| | **ठाणे जिल्हयातील नोंदणीकृत सुशिक्षीत बेरोजगार अभियंता यांचेसाठी** | | | | | | | |
| २ | **जुनी भात शेती दुरुस्ती,** गाव - साईगाव , गट क्र १ ते ४, ता भिवंडी, गाव - खानिवली,, गट क्र १ ते ५, ता भिवंडी, गाव - पिंपळनेर गट क्र १ ते ७, ता भिवंडी जि ठाणे | ११५२२०३ | ११५२२ | ५९० | ६ व त्यावरील | ०१.०१.२०२४ स.११.०० वा | १५.०१.२०२४ दु. ४.०० वा | १६.०१.२०२४ दु. ४.०० वा |
| | **ठाणे जिल्हयातील नोंदणीकृत मजुर कामगार सहकारी संस्था यांचेसाठी** | | | | | | | |
| ३ | **जुनी भात शेती दुरुस्ती,** गाव - खालिंग खु. गट क्र १ ते १३, ता भिवंडी जि ठाणे | १४४६९८६ | १४४७० | ५९० | म का स स वर्ग ब | ०१.०१.२०२४ स.११.०० वा | १५.०१.२०२४ दु. ४.०० वा | १६.०१.२०२४ दु. ४.०० वा |

टिप :- मा संचालक, , मृद संधारण व पाणलोट क्षेत्र व्यवस्थापन, कृषि आयुक्तालय, पुणे यांचेकडील मा.सु. जाक्र मृदस/६/ई निविदा / १२६०१/२०२३ दि ०६.०४.२०२३ अन्वये ई निविदा मार्गदर्शक सुचना नुसार प्रत्येक निविदाधारकाने निविदा भरण्यापुर्वी कामाची व्याप्ती, निविदेतील नमुद माहितीची पडताळणी करणेसाठी कार्यस्थळाचे ठिकाण व ईतर महत्वाच्या कार्यक्षेत्राची पाहणी करुन Geo Tagging प्रमाणपत्र व फोटो निविदा सोबत सादर करणे बंधनकारक आहे. सदर बाबत सविस्तर तपशिल व सादर करावयाच्या प्रमाणपत्राचा नमुना निविदा संचात समाविष्ठ आहे. .कोणतीही एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता नाकरण्याचा अधिकार उप विभागीय कृषि अधिकारी कल्याण, जिल्हा ठाणे यांनी राखून ठेवला आहे.

क्र. जिमाका/ठाणे/जाहि/२०२३-२४/१२६

स्वाक्षरीत/-
उपविभागीय कृषि अधिकारी
कल्याण, जि. ठाणे






महाराष्ट्र शासन
**जिल्हा माहिती कार्यालय, ठाणे**

क्र.विमाका/कोवि/दर्पण दिन/८२

# नशे में गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस गिरी गाज




**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : ३१ दिसंबर की सतर्कता के दौरान मीरा-भाईंदर, वसई-विरार ट्रैफिक पुलिस ने नशे में गाडी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पुराने साल को विदाई देने और नए साल का स्वागत करने के लिए नागरिक ३१ दिसंबर को बडे.पैमाने पर राजी झलोश मनाते हैं। इसके लिए मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में कई नागरिक देर रात सडक़ों पर आते हैं पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में बंदोबस्ती एवं नाकाबंदी का आयोजन किया गया. पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में कुल ५ पुलिस उपायुक्त, १० छह। एक पुलिस आयुक्त, २२५ से अधिक पुलिस अधिकारी और ७०० से अधिक पुलिस प्रवर्तक, २४८ यातायात वार्डन और ४०० पुलिस अधिकारी नियुक्त किए गए। पुलिस आयुक्त में ५० से ज्यादा जगहों पर नाकाबंदी की गई. ३१ दिसंबर को कई नागरिक शराब पीकर वाहन चला रहे हैं और यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, मीरा-भाइंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की यातायात शाखा द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाने पर १०४ व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# उत्तर भारतीय भवन निर्माण का सपना साकार करेगी गीता जैन, भूमिपूजन की तारीख तय

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : उत्तर भारतीय भवन को लेकर मीरा- भायंदर की भाजपा समर्थित निर्दलीय विधायक गीता जैन ने पैंतरा चल दिया है। भवन के भूमिपूजन की तारीख उन्होंने १२ फरवरी मुकर्रर कर दी है। भवन बनाने को लेकर शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक, भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह, एडवोकेट अखिलेश चौबे, वरिष्ट भाजपा नगरसेवक मदन सिंह आदि घोषणा, दावा और चर्चाएं करते रह गए। भूमिपूजन की तारीख का ऐलान कर गीता जैन ने सबको पछाड.और चौंका दिया है। एक पत्रकार परिषद में जैन ने बताया कि उत्तर भारतीय भवन के लिए मीरा रोड जीसीसी क्लब के पास जगह सुनिश्चित कर ली गई है। इसका भूमिपूजन १२ फरवरी को परम पूज्य रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। उससे पहले भवन की डिजाइन और डिटेल सामने आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह भवन उत्तर भारतीयों के प्रति सद्भावना है। इसे राजनीति के तौर पर नहीं लिया जाना चाहिए। यह उत्तर भारतीयों के हित में होने जा रहा है। इसे सिर्फ इसी रूप में लिया जाना चाहिए। जैन ने कहा कि वे अपने बलबूते पर भवन बनाने जा रही हैं। अगर इस कार्य में कोई जुडऩा चाहेगा, तो उसका स्वागत है। पत्रकार परिषद में भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। १७-१८ साल से चर्चा, कावे, वादे और घोषणाएं होती रहीं हैं।



चुनाव जब नजदीक जाता है तो उत्तर भारतीय भवन को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो जाता है। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक, गीता जैन, भाजपा नगर सेवक मदन सिंह, भाजपा में एडवोकेट रवि व्यास गुट के भरत मिश्रा आदि उत्तर भारतीय भवन बनाने को लेकर दावे और चर्चा करते रहे हैं। मुंबई से आकर कृपाशंकर सिंह और भाजपा नेता एडवोकेट अखिलेश चौबे भी घोषणाएं रहे हैं। उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने मीरा रोड में संघ भवन बनाने की भीष्म प्रतिज्ञा अलग से ले रखी है। सरनाईक ने भवन का भूमिपूजन तो कर दिया है, लेकिन काम आज तक शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि यह हिंदी भाषा साहित्यिक भवन है, जिसका उपयोग हर नागरिक कर सकेगा।

भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के एक कार्यक्रम में कृपाशंकर सिंह ने एक साल के भीतर उत्तर भारतीय भवन की नींव रखने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया था कि सबसे बडा उत्तर भारतीय भवन बनाया जाएगा और १४ जनवरी के बाद उसका भूमिपूजन हो सकता है। उस समय मौजूद पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा था कि भवन कोई बनाए, लेकिन निमित्त वे ही बनेंगे। पांच जनवरी को मीटिंग होने वाली थी, लेकिन उससे एक दिन पहले गीता जैन ने खेला कर दिया।

# मनपा के सहायक आयुक्त सचिन बच्छाव अवैध निर्माण को लेकर जांच कमेटी का गठन

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : मीरा-भायंदर महापालिका के तत्कालीन सहायक आयुक्त सचिन बच्छाव के कार्यकाल में हुए अवैध निर्माणों की अब तीव्र जांच होगी। आयुक्त संजय काटकर ने यही आदेश दिया है और इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। अनिकेत मनोकर और डॉ. संभाजी पानपट्टे की अध्यक्षता में यह समिति मनपा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुए अवैध निर्माणों की जांच करेगी। इस आदेश से पूर्व सहायक आयुक्त सचिन बच्छाव के कारनामे उजागर होंगे। मीरा-भायंदर शहर में धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं। पूर्व सहायक आयुक्त सचिन बच्छाव के कार्यकाल में बिना मरम्मत की अनुमति के अवैध इमारतें खड़ी कर दी गईं। डांस बार, आवास, होटल भी खुल गए।



दिलचस्प बात यह है कि अपने समय के दौरान, सचिन बच्छाव ने सीआरजेड और कंडलवन क्षेत्र सहित मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर बड़ी संख्या में बार बनाए। बच्छाव करीब साढ़े तीन साल से असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर कार्यरत थे। अब वे पूछताछ के दौर में फंस गए हैं सहायक आयुक्त शहर की कई संस्थाओं, संगठनों और समाजसेवियों ने अवैध निर्माण को लेकर महापालिका प्रशासन से शिकायत की थी। बच्छाव ने बिल्डरों के हित में कई फैसले लिए। नतीजा बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हुआ। सरकारी परिसरों पर अनधिकृत निर्माण भी किए गए हैं और अब आयुक्त संजय काटकर ने इन सभी मामलों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। अभी पांच महीने पहले ही सचिन बच्छाव का तबादला हुआ था और विधानसभा के सत्र में भी इन अवैध निर्माणों को लेकर शोर मचा था।सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सचिन बच्छाव ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने डांस बार और आवासों को सरकारी घोषित कर दिया और उन निर्माणों को आश्रय दे दिया। दूसरी ओर, जिस जमीन पर कंडलवन के पेड़ हैं, उस जमीन पर मरम्मत की अनुमति देकर अवैध निर्माण कर लिया गया। राजस्व विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है और जांच में और भी कई बातें सामने आने की संभावना है।

# विजय सिंह द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : नवघर पुलिस स्टेशन इलाके में रहने वाली इस्मा से टूरिस्ट कार बुक करने के नाम पर साढ़े तीन लाख की ऑनलाइन ठगी की गई है।इस संबंध में नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।भायंदर पूर्व में रहने वाले विनीत अग्रवाल ने दर्शन के लिए शिरडी-शनि शिंगणापुर जाने के लिए किराए पर कार लेने के लिए इंटरनेट पर एक वेबसाइट खोजी।उसकी मुलाकात उस वेबसाइट से मोबाइल नंबर पर हुई। इसके बाद जब उन्होंने उस मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो इस्मा विजय सिंह का फोन आया। उस वक्त उन्होंने कहा था कि वह ७ सीटर कार किराए पर लेना चाहते हैं। सिंह ने उसी वेबसाइट पर १५० रुपये एडवांस में देने को कहा। इसके बाद अग्रवाल ने वेबसाइट पर पैसे भेजने की कोशिश की। लेकिन, ओटीपी नहीं आने पर जब मैंने दोबारा कॉल किया तो मुझे एक लिंक भेजा गया और उस लिंक पर क्लिक करने और उस पर भुगतान करने के लिए कहा गया।जब उन्होंने उनके द्वारा दिए गए लिंक पर क्लिक किया तो उन्हें मैसेज आया कि अग्रवाल के बैंक क्रेडिट कार्ड से २ लाख ७१ हजार ९८० रुपये डेबिट हो गए हैं। इसके बाद मैसेज आया कि दूसरे क्रेडिट कार्ड से ६२ हजार ४८० रुपये, तीसरे कार्ड से २२ हजार ९९९ रुपये निकाले गए। इसके बाद अग्रवाल की शिकायत के अनुसार नवघर पुलिस स्टेशन में साइबर अपराधी विजय सिंह द्वारा ऑनलाइन धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है।

# भायंदर मे आयोजित देवी चित्रलेखा की भागवत कथा का भव्य समापन

## दादी चैरिटेबल ट्रस्ट और एड. रवि व्यास ने किया था आयोजन



**भायंदर** : भायंदर पश्चिम के बालाजी ग्राउंड मे पिछले सात दिनों से चल रही प्रसिद्ध कथाकार देवी चित्रलेखा की श्रीमद भागवत कथा भव्य तरीके से संपन्न हुई.एक जनवरी से कलश यात्रा के जरिये इसकी शुरूवात की गयी थी और सात दिनों तक देवी चित्रलेखा ने भागवत महात्मय और कृष्ण लीला के प्रसंगो के जरिये लोगों को भक्ति रस का अमृतपान कराया. साथ ही भजन कीर्तन और प्रसिद्ध कलाकारों के जरिये प्रस्तुत भजन संध्या ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों को राधेकृष्ण भक्तिरस से सराबोर किया. कथा के दौरान कई गणमान्य लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज़ की और व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया. जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद सांसद संजीव नाईक, भाजपा प्रभारी जयप्रकाश ठाकुर, विधायक गीता जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता, पूर्व महापौर डिंपल मेहता, शिवसेना नेता विक्रमप्रताप सिंह सहित कई नगरसेवक और व्यवसायी सत्संग कथा में शामिल हुए. इस आयोजन में मीरा भायंदर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास और हरीश अग्रवाल की प्रमुख भूमिका रही.

# जनता को नववर्ष की मिली सौगात

## एमटीएचएल के बाद तटीय सड़क का पहला चरण जनवरी के अंत तक खोला जाएगा : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की

**मुंबई** : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज कहा कि मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के साथ समय और ईंधन बचाने वाली दो महत्वाकांक्षी परियोजनाएं नए साल में पेश की जाएंगी. मुख्यमंत्री ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक और कोस्टल रोड दोनों परियोजनाओं का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि एमटीएचएल के बाद तटीय सडक़ का पहला चरण जनवरी के अंत तक खोला जाएगा। मुख्यमंत्री लगातार दूसरे दिन मुंबई डीप क्लीन अभियान में शामिल हुए. सुबह से ही चरनी रोड, मरीन ड्राइव, नरीमन प्वाइंट में यह अभियान चलाने के बाद मुख्यमंत्री ने इसका विस्तार करते हुए रायगढ.जिले के एमटीएचएल और चिरले में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की. यह अभियान सुबह करीब साढे.आठ बजे शुरू हुआ और दोपहर डेढ.बजे तक चला. मुख्यमंत्री ने नेपियोंसी रोड पर प्रियदर्शिनी पार्क के पास कोस्टल रोड की जुडवां भूमिगत सुरंगों से अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ली से मुंबई तक इस सुरंग का काम पूरा हो चुका है और इसे जनवरी के अंत तक यातायात के लिए खोल दिया जाएगा. भारत में पहली बार सुरंग में अत्याधुनिक वेंटिलेशन सिस्टम सुकार्डो स्थापित किया गया है। इसलिए धुएं को सुरंग में जमा हुए बिना बाहर फेंकने का काम इस सिस्टम के जरिए किया जाएगा. इस सुरंग में आपातकालीन उपाय के रूप में हर ३०० मीटर पर कटी हुई सुरंगों की व्यवस्था है और उपयोगिता सेवा के लिए सुरंग में उपयोगिता बक्से की व्यवस्था की गई है। इस जुडवां सुरंग के लिए एक अद्यतन यातायात प्रबंधन नियंत्रण प्रणाली की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने इस सुरंग का निरीक्षण किया और इसके माध्यम से गिरगांव चौपाटी तक यात्रा की। तटीय सडक़ सुरंग का पहला चरण पूरा हो चुका है और सुरंग का दूसरा चरण मई के अंत तक पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री ने कहा कि इस सुरंग का आकार देश में सबसे बडा है। शिंदे ने कहा. यह कहते हुए कि तटीय सडक़ पर कोई टोल नहीं है, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम से बचाने के साथ-साथ समय और ईंधन की बचत करेगी। मुख्यमंत्री श्री. शिंदे एमटीएचएल के लिए रवाना हो गए। वहां सडक़ धोने के लिए करीब १०० टैंकरों का इस्तेमाल किया जा रहा है. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में ग्रीन पैच बनाने के निर्देश दिये. २२ किमी लंबा देश का पहला समुद्री पुल मुंबई शहर को नवी मुंबई, गोवा, पुणे से जोडेग़ा। इसे राज्य की सबसे महत्वाकांक्षी और गेम-चेंजिंग परियोजना माना जा रहा है, इससे ईंधन और समय की बचत होगी। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे रायगढ.में आज दो घंटे से अधिक का समय लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा, अब इस परियोजना के कारण मुंबई से चिरले १५ मिनट में पहुंचना संभव होगा। यह समुद्री पुल चिर्ले से मुंबई पुणे और गोवा को भी जोडेग़ा। यह वसई विरार को अलीबाग मल्टीमॉडल कॉरिडोर से भी जोडेग़ा। मुख्यमंत्री ने कहा, एमटीएचएल अटल सेतु से लाखों लोगों को फायदा होगा और इसका उद्घाटन १२ जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस समुद्री पुल के निर्माण में नवीनतम तकनीक का उपयोग किया गया है। इसमें स्टील डेक का उपयोग किया जाता है, इसलिए इसकी वहन क्षमता अधिक होती है। यह एक पर्यावरण-अनुकूल परियोजना है इसलिए राजहंस को दूर जाने से रोकने के लिए शोर अवरोधक का उपयोग किया गया है। साथ ही रिवर्स सर्कुलेशन ड्रिल और अस्थायी तटबंध की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया गया है। चार हावडा ब्रिज और छह स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का उपयोग किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में पृथ्वी का दो बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त तारों का उपयोग किया गया है। एमटीएचएल और कोस्टल रोड दोनों ही मुंबईकरों के लिए गेम चेंजर हैं और इस नए साल में दोनों परियोजनाओं को आम लोगों के लिए खोलकर उन्हें नए साल का तोहफा मिलेगा।

# मीरारोड के पूनम गार्डन में पेयजल नहीं होने से जनता परेशान

**जेकेएस संवाददाता**




**भायंदर** । मीरा रोड के पूनम गार्डन क्षेत्र के अमृत वन उद्यान में आने वाले नागरिक पेयजल नहीं होने से परेशान हैं। यूं तो उद्यान में तीन-तीन प्याऊ हैं,लेकिन लेकिन पानी एक भी नहीं है। कई महीने से नल सूखे हुए हैं और लोग जल के लिए तरस रहे हैं। पूनम गार्डन क्षेत्र में अमृत वन एक वृहद उद्यान है। यहां हरियाली के साथ-साथ जॉगिंग और ओपन जिम की सुविधा है। सैर - सपाटे और जिम के लिए आने वाले नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध हो,इसलिए जनतिनिधियों के प्रयास व निधि से तीन- तीन प्याऊ लगाए गए हैं।लेकिन पानी एक में भी नहीं है। सैर सपाटे के लिए प्रतिदिन सुबह उद्यान पहुंचने वाले आर.बी यादव बताते हैं कि वैसे तो पेयजल की सबको जरूरत रहती है,लेकिन मधुमेह से पीड़ित लोगों को कुछ ज्यादा लगती हैं।उन्हें जल्दी-जल्दी पेशाब और प्यास भी लगती है। उद्यान के तीनों प्याऊ सूखे होने के कारण बाहर से बोतल बन्द (मिनरल वाटर) का पानी खरीद कर काम चलाना पड़ता है।इसमें पैसा तो जाता ही है, साथ ही टहलना और कसरत बीच में छोड़कर दुकान पर जाना पड़ता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसकी शिकायत लोगों ने जनप्रतिनिधियों से भी की थी। लेकिन फायदा रत्ती भर नहीं हुआ।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI